कार्यालय पुलिस उपायुक्त आसूचना एवं सुरक्षा नगरीय पुलिस भोपाल

(पुराना पुलिस कंट्रोल रूम, जहाँगीराबाद, भोपाल फोन नंबर- 0755-2443870, ईमेल आईडी- dcp.int.bhopal@mppolice.gov.in)

क्रमांक- पु.उपा./आसू.सु./सुरक्षा शाखा/भो./ 293 /2024 दिनांक- 12 /04/2024

//आदेश//

(अंतर्गत ड्रोन नियम 2021)

(नागर विमानन मंत्रालय नियमावली संबंधी अधिसूचना क्रमांक 477 दिनांक 25-08-2022 के नियम क्रमांक 24 के अनुसार दण्ड प्रक्रिया संहिता की धारा 144 के अंतर्गत)

दिनांक 14/04/2024 को माननीय प्रधानमंत्री, भारत सरकार, श्री नरेन्द्र मोदी जी (Z+ सुरक्षा दर्जा के साथ SPG सुरक्षा कवर प्राप्त) का भोपाल ट्रांजिट भ्रमण कार्यक्रम प्रस्तावित है। माननीय व्हीव्हीआईपी महोदय की Z+ सुरक्षा (एसपीजी सुरक्षा सहित) को दृष्टिगत रखते हुये **पुराना विमानतल भोपाल से 05 किलोमीटर की परिधि** में ड्रोन/पैराग्लाईडर/हॉट बैलून/अन्य फ्लाईंग ऑबजेक्ट **(एयर ट्रैफिक कंट्रोल द्वारा निर्देशित फ्लाइट्स/फ्लाइंग ऑबजेक्ट को छोडकर)** के उड़ने पर एतद आदेश द्वारा प्रतिबंध लगाया जाकर **उक्त स्थान को रेड जोन/ नो फ्लाईंग जोन घोषित किया जाता है**। यह आदेश **दिनांक 13-04-2024 को प्रातः 08:00 बजे से माननीय व्हीव्हीआईपी महोदय के प्रस्थान किये जाने जाने के 02 घन्टा और बाद तक** प्रभावशील रहेगा। उक्त स्थल डिजिटल स्काई प्लेटफार्म पर पूर्व से ही रेड जोन घोषित है। इस आदेश का उल्लंघन पाये जाने पर दोषी व्यक्ति के विरूद्ध नियमानुसार भारतीय दण्ड विधान की धारा 188 के अंतर्गत वैधानिक कार्यवाही की जावेगी। कमर्शियल फ्लाईट्स एवं फोटोग्राफी हेतु लगाये गये शासकीय ड्रोन इस प्रतिबंधात्मक आदेश के पालन से मुक्त रहेंगे।

यह आदेश आज दिनांक 12-04-2024 को मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

(संजय कुमार अग्रवाल भा.पु.से.)
पुलिस उपायुक्त, आसूचना एवं सुरक्षा
नगरीय पुलिस भोपाल

प्रतिलिपि :- सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।

1. अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक गुप्तवार्ता म०प्र० भोपाल।
2. पुलिस आयुक्त, नगरीय पुलिस भोपाल।
3. पुलिस महानिरीक्षक (कानून/व्यवस्था एवं सुरक्षा), पुलिस मुख्यालय, भोपाल।
4. अतिरिक्त पुलिस आयुक्त (कानून/व्यवस्था), नगरीय पुलिस भोपाल।
5. विमानपत्तन अधिकारी, राजा भोज एयर पोर्ट भोपाल।
6. समस्त पुलिस उपायुक्त, नगरीय पुलिस भोपाल।
7. समस्त अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त/ सहायक पुलिस आयुक्त, नगरीय पुलिस भोपाल।
8. रक्षित निरीक्षक /समस्त थाना प्रभारी, नगरीय पुलिस भोपाल।
9. प्रभारी कंट्रोल रूम की ओर संबंधितों को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
10. जनसंपर्क विभाग, प्रकाशानार्थ।
11. नगरीय पुलिस भोपाल की वेबसाइट पर प्रदर्शन करने हेतु।

पुलिस उपायुक्त, आसूचना एवं सुरक्षा
नगरीय पुलिस भोपाल